राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने किया आंचल संस्था के फूड कार्ड का विमोचन

जयपुर, 20 फरवरी । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को यहाँ राजभवन में आंचल संस्था के 'भोजन दो, भीख नहीं' अभियान के अंतर्गत 'फूड कार्ड' का विमोचन किया। संस्था द्वारा यह अभियान भिक्षावृत्ति रोकने के बारे में जागरूकता लाने के लिए चलाया जाएगा जिसके अंतर्गत लोगों को भिक्षाटन करने वालों को नकद राशि देने के स्थान पर फूड कार्ड के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस दौरान राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, आंचल संस्था के संरक्षक श्री ध्रुवदास अग्रवाल, संस्थापक श्रीमती सीमा जैन, सदस्य श्री रवि नैयर, श्री गोवर्धन मूंदड़ा और डॉ. आदित्यनाथ उपस्थित थे।

———